Adda247

GET IT ON Google Play

# UKPSC
# 2012

## Previous Year Paper
### Mains General Aptitude & Ethics Paper 07

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

70,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

Previous Year Papers

500% Refund

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247 GET IT ON Google Play

# GENERAL APTITUDE AND ETHICS

## Part – 1 / भाग – 1

**Marks – 30 / अंक – 30**

**नोट :** इस भाग में कुल **15** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए **02** अंक निर्धारित हैं ।

**Note :** There are **15** questions in this part. **All** questions are compulsory. Each question carries **02** marks.

1 निम्नलिखित समरूप में लुप्त पद (?) बताइए : [उत्तर सीमा : **20** शब्द]

BUCKET : ACTVBDJLDFSU :: BONUS : ?

Find the missing term in the following analogy : [Answer Limit : **20** words]

BUCKET : ACTVBDJLDFSU :: BONUS : ?

2 निम्नलिखित कथनों में बताइए कि कौन सा एक कथन कारण है तथा कौन सा एक कथन प्रभाव है ?

**कथन I** : उत्तरकाशी में भूकम्पों की प्रवृत्ति अधिक है ।

**कथन II** : भूकम्प-वैज्ञानिकों के अनुसार, उत्तरकाशी के निचले इलाकों में विवर्तनिक गतिविधियाँ अधिक हैं ।

[उत्तर सीमा : **20** शब्द]

In the following statements, identify which one is the cause and which one is the effect ?

**Statement I** : Uttarkashi is very prone to earthquakes.

**Statement II** : According to seismologists, there is a lot of tectonic activities going on the down belt of Uttarkashi.

[Answer Limit : **20** words]

3 20 प्रेक्षणों के, 30 से मापन किए गये विचलनों का बीजगणितीय योग 4 (चार) है । इन प्रेक्षणों का समानान्तर माध्य ज्ञात कीजिए । [उत्तर सीमा : **20** शब्द]

The algebraic sum of the deviations of 20 observations, measured from 30, is 4 (four). Find the arithmetic mean of these observations. [Answer Limit : **20** words]

4 $\left(\frac{1}{3+\sqrt{7}}+\frac{1}{\sqrt{7}+\sqrt{5}}+\frac{1}{\sqrt{5}+\sqrt{3}}+\frac{1}{\sqrt{3}+1}\right)$ का मान ज्ञात कीजिए । [उत्तर सीमा : **20** शब्द]

Find the value of $\left(\frac{1}{3+\sqrt{7}}+\frac{1}{\sqrt{7}+\sqrt{5}}+\frac{1}{\sqrt{5}+\sqrt{3}}+\frac{1}{\sqrt{3}+1}\right)$

[Answer Limit : **20** words]

5 C एक धनात्मक संख्या है । C का 500%, 500 C का कितना % है ? [उत्तर सीमा : **20** शब्द]

C is a positive number. What % of 500 C, is 500% of C ?

[Answer Limit : **20** words]

6 A का वेतन B के वेतन से 40% अधिक है । A के वेतन से B का वेतन कितने प्रतिशत (%) कम है ?

[उत्तर सीमा : **20** शब्द]

A's salary is 40% more than B's salary. By what percentage (%) B's salary is less than A's salary ? [Answer Limit : **20** words]

7 यदि 05 जनवरी, 2000 को सोमवार है, तो 30 मार्च, 2000 को कौन सा दिन होगा ?

[उत्तर सीमा : **20** शब्द]

If $05^{th}$ January, 2000 is Monday, then what would be the day on $30^{th}$ March, 2000 ? [Answer Limit : **20** words]

8 एक व्यक्ति की ओर इशारा करते हुए एक स्त्री बोली, 'इनकी पत्नी मेरे पिता की इकलौती पुत्री है ।' उस व्यक्ति का स्त्री से क्या सम्बन्ध है ? [उत्तर सीमा : **20** शब्द]

Pointing towards a person, a woman said, 'His wife is the only daughter of my father.' What is the relation of that person with the woman ?

[Answer Limit : **20** words]

Adda247 GET IT ON Google Play

9 यदि दो धनात्मक संख्याओं का गुणोत्तर माध्य 12 है तथा उनका हरात्मक माध्य $11\frac{1}{13}$ है, तो वे संख्याएँ क्या हैं ? [उत्तर सीमा : **20** शब्द]

If geometric mean of two positive numbers is 12 and their harmonic mean is $11\frac{1}{13}$, then what are the numbers ? [Answer Limit : **20** words]

10 नीतिशास्त्र आचरण का नियामक अध्ययन है अथवा तथ्यात्मक अध्ययन ? विवेचन कीजिए । [उत्तर सीमा : **20** शब्द]

Ethics is a Normative Study of Conduct or Positive Study ? Discuss. [Answer Limit : **20** words]

11 'मूल्य' के प्रकारों को स्पष्ट कीजिए । [उत्तर सीमा : **20** शब्द]

Elucidate the kinds of 'values'. [Answer Limit : **20** words]

12 नीतिशास्त्र के क्षेत्र में, इमैनुअल कान्ट का क्या योगदान है ? [उत्तर सीमा : **20** शब्द]

What is the contribution of Emmanuel Kant in the field of Ethics ? [Answer Limit : **20** words]

13 कार्य-संस्कृति से आप क्या समझते हैं ? [उत्तर सीमा : **20** शब्द]

What do you understand by work-culture ? [Answer Limit : **20** words]

14 लोकसेवा में आवश्यक प्रमुख मूल्य कौन से हैं ? [उत्तर सीमा : **20** शब्द]

What are the important values required in public service ? [Answer Limit : **20** words]

15 आचरण किसे कहते हैं ? [उत्तर सीमा : **20** शब्द]

What is Conduct ? [Answer Limit : **20** words]

## Part – 2 / भाग – 2

**Marks – 50 / अंक – 50**

**नोट :** इस भाग में कुल **10** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए **05** अंक निर्धारित हैं ।

**Note :** There are **10** questions in this part. **All** questions are compulsory. Each question carries **05** marks.

16 क्यों नीतिशास्त्र केवल चिन्तनशील मानवजीवन से सम्बन्धित है ? संक्षिप्त विवेचना कीजिए । [उत्तर सीमा : **50** शब्द]

Why Ethics is related to rational human life only ? Discuss briefly. [Answer Limit : **50** words]

17 नैतिक प्रवृत्ति को समझाइए । [उत्तर सीमा : **50** शब्द]

Describe moral attitude. [Answer Limit : **50** words]

18 मानव व्यक्तित्व के लक्षण के रूप में 'भावनात्मक बुद्धि' की विवेचना कीजिए । [उत्तर सीमा : **50** शब्द]

Discuss 'Emotional Intelligence' as a trait of human personality. [Answer Limit : **50** words]

19 कॉर्पोरेट शासन व्यवस्था पर एक टिप्पणी लिखिए । [उत्तर सीमा : **50** शब्द]

Write a note on Corporate Governance. [Answer Limit : **50** words]

Adda247 GET IT ON Google Play

20 निम्नलिखित समीकरणों को रेखीय मानते हुए सरल कीजिए : [उत्तर सीमा : **50** शब्द]

$$\frac{2}{x}+\frac{2}{3y}=\frac{1}{6} \text{ तथा } \frac{3}{x}+\frac{4}{y}=-\frac{1}{2}$$

Solve the following equations taking them as linear : [Answer Limit : **50** words]

$$\frac{2}{x}+\frac{2}{3y}=\frac{1}{6} \text{ and } \frac{3}{x}+\frac{4}{y}=-\frac{1}{2}$$

21 एक ही वृत्तीय आधार और ऊँचाई के शंकु, अर्द्धगोला व बेलन के आयतनों का अनुपात ज्ञात कीजिए । [उत्तर सीमा : **50** शब्द]

Find the ratio of the volumes of cone, hemisphere and cylinder which are made with the same circular base and height ? [Answer Limit : **50** words]

22 निम्नलिखित आँकड़ों की माध्यिका तथा बहुलक का अन्तर निकालिए : [उत्तर सीमा : **50** शब्द]

25, 33, 72, 65, 29, 60, 30, 54, 32, 53, 42, 52, 42, 51, 42, 48, 45, 47, 46, 33

Find the difference of median and mode of the following data :

25, 33, 72, 65, 29, 60, 30, 54, 32, 53, 42, 52, 42, 51, 42, 48, 45, 47, 46, 33

[Answer Limit : **50** words]

23 एक कक्षा के विद्यार्थियों की औसत आयु 15 वर्ष थी । जब 5 अन्य लड़कों को, जिनकी औसत आयु 12 वर्ष 6 माह है, भी प्रवेश दिया गया तो पूरी कक्षा की औसत आयु 6 माह घट गई । कक्षा में प्रारम्भ में कितने विद्यार्थी थे ? [उत्तर सीमा : **50** शब्द]

The average age of a class was 15 years. When 5 more boys, whose average age was 12 years 6 months were admitted in the class, the average age of the whole class was reduced by 6 months. How many students were there in the class originally ? [Answer Limit : **50** words]

24 यदि 150 कमीज़ों का खरीद मूल्य 120 कमीज़ों के विक्रय मूल्य के बराबर हो, तो प्रतिशत में लाभ ज्ञात करें । [उत्तर सीमा : **50** शब्द]

If the cost price of 150 shirts is equal to the selling price of 120 shirts, find the profit in percentage. [Answer Limit : **50** words]

25 किसी त्रिभुज ABC के दो शीर्ष बिन्दुओं B तथा C के निर्देशांक क्रमश: (1, –2) और (2, 3) हैं । तीसरा शीर्ष A रेखा $2x + y - 2 = 0$ पर है। त्रिभुज का क्षेत्रफल 8 वर्ग इकाई है । शीर्ष A के निर्देशांक ज्ञात करें । [उत्तर सीमा : **50** शब्द]

The coordinates of the vertices B and C of a triangle ABC are (1, –2) and (2, 3), respectively. Third vertex A lies on the line $2x + y - 2 = 0$. Area of the triangle is 8 square units. Find the coordinates of the vertex A. [Answer Limit : **50** words]

## Part – 3 / भाग – 3

**Marks – 40 / अंक – 40**

**नोट** : इस भाग में कुल **07** प्रश्न हैं तथा **02** खण्ड हैं । खण्ड – **1** के **04** प्रश्नों में से किन्हीं **03** प्रश्नों एवं खण्ड – **2** के **03** प्रश्नों में से किन्हीं **02** प्रश्नों का उत्तर दिया जाना अनिवार्य है । प्रत्येक प्रश्न के लिए **08** अंक निर्धारित हैं ।

**Note :** There are **07** questions in this part and their **02** sections. It is compulsory to answer any **three** questions out of **four** selected from Section-1 and any **two** questions out of **three** selected from Section -2. Each question carries **08** marks.

Adda247 GET IT ON Google Play

## Section-1 / खण्ड-1
## General Aptitude / सामान्य अभिरुचि

26 एक विद्यालय में किसी कक्षा के 400 विद्यार्थी हैं । उनमें से 270 गणित, 300 फ्रेंच तथा 50 बिजनेस स्टडीज़ पढ़ते हैं । वे सब जो गणित पढ़ते हैं, फ्रेंच भी पढ़ते हैं । 20 गणित व बिजनेस स्टडीज़ पढ़ते हैं । 35 फ्रेंच व बिजनेस स्टडीज़ पढ़ते हैं । एक विद्यार्थी को यदृच्छया चुना जाता है । प्रायिकता ज्ञात कीजिए कि चुना गया विद्यार्थी फ्रेंच पढ़ता है किन्तु गणित तथा बिजनेस स्टडीज़ नहीं पढ़ता । केवल वेन आरेख का प्रयोग कीजिए । [उत्तर सीमा : **125** शब्द]

There are 400 students in a class of a school. Of these 270 study Maths, 300 French and 50 Business Studies. All those who study Maths, study French also. 20 study Maths and Business studies. 35 study French and Business studies. A student is selected at random. Find the probability that the selected student studies French but neither Maths nor Business Studies. Use Venn diagram only. [Answer Limit : **125** words]

27 किसी कार्य को A और B अकेले क्रमश: 7 व 14 दिनों में पूरा करते हैं । A व B दोनों मिलकर दो दिन काम करते हैं । दो दिनों के बाद C उस कार्य में शामिल हो जाता है, तो कार्य एक दिन में पूरा हो जाता है । अकेले C कितने दिनों में उस कार्य को पूरा करेगा ? [उत्तर सीमा : **125** शब्द]

A and B alone can complete a piece of work in 7 and 14 days, respectively. A and B work it together for 2 days and after 2 days, C joins them. Now, the work is completed in one day. In how many days can C alone do that work ? [Answer Limit : **125** words]

28 12% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से एक व्यक्ति बैंक से ₹ 30,000 उधार लेता है । दो वर्ष बाद ₹ 15,200 बैंक को अदा करता है । कर्ज को पूरा अदा करने के लिए, और दो वर्ष बाद, उसे कितना रुपया देना होगा ? [उत्तर सीमा : **125** शब्द]

A man borrowed ₹ 30,000 at the rate of 12% per annum simple interest from a bank. He paid ₹ 15,200 after two years to the bank. How much he will have to pay, after two more years, to clear the loan ? [Answer Limit : **125** words]

29 एक उत्पादक किसी वस्तु को उत्पादक मूल्य से p% अधिक मूल्य पर बेचता है । यदि वह ग्राहक को q% छूट देता है, तो प्रतिशत में लाभ ज्ञात कीजिए । [उत्तर सीमा : **125** शब्द]

A manufacturer sells an article at p% more than the cost of production. If he gives a discount of q% to the customer, find the profit in percentage. [Answer Limit : **125** words]

## Section-2 / खण्ड-2
## Ethics / आचार शास्त्र

30 अभिवृत्ति की संरचना की विवेचना कीजिए । [उत्तर सीमा : **125** शब्द]

Discuss the formation of attitude. [Answer Limit : **125** words]

31 स्वामी विवेकानन्द की शिक्षाओं का समाज के लिए क्या योगदान है ? व्याख्या कीजिए । [उत्तर सीमा : **125** शब्द]

What is the contribution of the teachings of Swami Vivekanand for Society ? Explain. [Answer Limit : **125** words]

32 शासन में 'जवाबदेही' के महत्त्व का विवेचन कीजिए । [उत्तर सीमा : **125** शब्द]

Discuss the importance of 'Accountability' in governance. [Answer Limit : **125** words]

Adda247 GET IT ON Google Play

## Part – 4 / भाग – 4

**Marks – 80 / अंक – 80**

**नोट :** इस भाग में कुल **07** प्रश्न हैं तथा **02** खण्ड हैं । खण्ड – **01** के **04** प्रश्नों में से किन्हीं **03** प्रश्नों एवं खण्ड – **02** के **03** प्रश्नों में से किन्हीं **02** प्रश्नों का उत्तर दिया जाना अनिवार्य है । प्रत्येक प्रश्न के लिए **16** अंक निर्धारित हैं ।

**Note :** There are **07** questions in this part and their **02** sections. It is compulsory to answer any **three** questions out of **four** selected from Section-**1** and any **two** questions out of **three** selected from Section-**2**. Each question carries **16** marks.

### Section-1 / खण्ड-1
### General Aptitude / सामान्य अभिरुचि

33 एक विक्रय एजेन्ट का पारिश्रमिक आंशिक रूप से, निश्चित मासिक वेतन तथा विक्रय पर मिलने वाले कमीशन पर निर्भर करता है । वर्ष 2011 में, प्रथम चार माह की अवधि में, उसने ₹ 26,272 का माल बेचा और कुल पारिश्रमिक ₹ 5,284 प्राप्त किया । साल के बचे हुए महीनों में उसने ₹ 43,008 का माल बेचा तथा कुल पारिश्रमिक ₹ 9,376 प्राप्त किया । विक्रय एजेन्ट का निश्चित मासिक वेतन तथा कमीशन की दर ज्ञात कीजिए । [उत्तर सीमा : **250** शब्द]

A selling agent's remuneration consists partly of a fixed monthly salary and partly of a fixed percentage on all sales effected by him. During the first four months of the year 2011, he sold goods for ₹ 26,272 and received a total remuneration of ₹ 5,284. During the rest of the year, he sold goods for ₹ 43,008 and received the total remuneration of ₹ 9,376. Find his monthly salary and the percentage rate of commission. [Answer Limit : **250** words]

34 एक आयताकार बाग की लम्बाई 60 मीटर तथा चौड़ाई 40 मीटर है । इसकी लम्बाई व चौड़ाई के समान्तर 4 मीटर चौड़े रास्ते बाग के केन्द्र से होकर जाते हैं । ₹ 70 प्रति वर्ग मीटर की दर से दोनों रास्ते बनाने का खर्च ज्ञात कीजिए । [उत्तर सीमा : **250** शब्द]

A rectangular garden is 60 metre long and 40 metre wide. Two cross paths, each 4 metre wide, are to be constructed parallel to the sides of the garden. These paths pass through the centre of the garden. Find the cost of construction of the two paths at the rate of ₹ 70 per square metre. [Answer Limit : **250** words]

35 सरल कीजिए : $\dfrac{4\frac{1}{7} - 2\frac{1}{4}}{3\frac{1}{2} + 1\frac{1}{7}} \div \dfrac{1}{2 + \dfrac{1}{2 + \dfrac{1}{5 - \frac{1}{5}}}}$ [उत्तर सीमा : **250** शब्द]

Simplify: $\dfrac{4\frac{1}{7} - 2\frac{1}{4}}{3\frac{1}{2} + 1\frac{1}{7}} \div \dfrac{1}{2 + \dfrac{1}{2 + \dfrac{1}{5 - \frac{1}{5}}}}$ [Answer Limit : **250** words]

Adda247 GET IT ON Google Play

36 A, B व C एक व्यापार में भागीदार हैं । A कार्यकारी भागीदार की तरह काम करने पर पूरे लाभ का 10% वेतन के रूप में पाता है । शेष लाभ को तीनों में क्रमश: 2 : 3 : 4 के अनुपात में बाँटा जाता है । यदि A को कुल ₹ 3 लाख मिलते हैं, तो B व C को प्राप्त होने वाली राशि ज्ञात कीजिए ।

[उत्तर सीमा : **250** शब्द]

A, B and C are partners in a business. A being working partner, receives 10% of the total profit as salary. The remaining profit is distributed among them in the ratio 2 : 3 : 4, respectively. If A gets ₹ 3 lac in all, then find the amount received by B and C. [Answer Limit : **250** words]

## Section-2 / खण्ड-2

## Ethics / आचार शास्त्र

37 लोक-प्रशासन में नीतिशास्त्र की भूमिका की विवेचना कीजिए । [उत्तर सीमा : **250** शब्द]

Discuss the role of Ethics in Public Administration. [Answer Limit : **250** words]

38 शासन में पारदर्शिता के लिए 'सूचना के अधिकार' की भूमिका की विवेचना कीजिए ।

[उत्तर सीमा : **250** शब्द]

Discuss the role of 'Right to Information' for transparency in Governance.

[Answer Limit : **250** words]

39 निम्नलिखित प्रकरण को सावधानीपूर्वक पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे गये प्रश्नों का उत्तर दीजिए :

श्री 'X' एक वरिष्ठ अध्यापक हैं जो अपने छात्रों में अति लोकप्रिय हैं । वे विद्यालय के बाद छात्रों की प्राय: अतिरिक्त सहायता करते हैं, इसलिए विद्यालय के बाद उनकी कक्षा में छात्रों का आना सामान्य बात है । 'स्वाति' नाम की एक विद्यार्थी को उन्होंने कई विषय दो वर्षों से अधिक समय तक पढ़ाए थे । इस अवधि में श्री 'X' ने अपने निजी ई-मेल पते से स्वाति के सेलफोन पर संदेश भेजे थे । पहले संदेश के आदान-प्रदान सामान्य थे (जैसे स्वाति से उसके परिवार के बीमार सदस्य का हाल पूछना) अभी हाल में, उस विद्यार्थी ने अपने अध्यापक को अपनी निजी भावनाओं से सम्बन्धित संदेश भेज़ना प्रारम्भ कर दिया ।

प्रश्न : I : इस परिदृश्य में कौन से संभावित मुद्दे उठते हैं ?

II : इस परिस्थिति को किस प्रकार अध्यापकों की आचार संहिता का उल्लंघन माना जा सकता है ?

III : इस प्रकरण के सन्दर्भ में विवेचना कीजिए कि श्री 'X' को क्या करना चाहिए ?

[उत्तर सीमा : **250** शब्द]

Study the following case carefully and answer the questions that follow :

Mr. 'X' is a veteran teacher who is very popular among his students. He frequently offers students extra help after school, so it is not uncommon to see students visiting his classroom after school. He has tutored one student 'Swati' in a variety of subjects over a two years period. During that time Mr 'X' has e-mailed messages on Swati's cell phone, using his personal e-mail address. At first, the messages were very general (e.g. asking Swati, about a sick family member). Recently, the student began to text her teacher about more personal feelings.

Questions : I : What possible issues/concerns might this scenario raise ?

II : How can this situation become a violation of the professional code of conduct for teachers ?

III : Discuss the case 'What should Mr 'X' do ?

[Answer Limit : **250** words]